## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसियेशन जिला मैहर में मांगों का ज्ञापन सौंपा

**मैहर।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसियेशन म.प्र.की कोर कमेटी एवं मार्गदर्शक मंडल के संयुक्त निर्णय अनुसार पूरे म.प्र. में 18 मार्च दिन मंगलवार को जिला स्तर में कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, मुख्यसचिव, वित्तसचिव एवं स्थानीय समस्याओं के निवारण हेतु जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने के लिये निर्णय हुआ था। उसी तारतम्य में मैहर जिले के एसोसिएशन द्वारा संरक्षक एवं प्रांतीय उपा.रविनंदन मिश्र के संरक्षण व अध्यक्ष एवं प्रांतीय सचिव आर.पी.गर्ग के नेतृत्व में उपस्थित सभी पेंशनरों के द्वारा कलेक्टर मैहर के प्रतिनिधि अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मुख्य मांगे धारा 46 की 6 कण्डिका को समाप्त करना 30 जून, 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त होने वाले पेंशनरों को एक वेतन वृद्धि का लाभ देने के प्रसारित आदेश को लागू कराना। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सामान्य रूप से 300 दिवस का अर्जित अवकाश खासकर शिक्षा विभाग स्वीकृति हेतु। 80 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले पेंशनरों को अतिरिक्त 20 प्रतिशत पेंशन का लाभ दिलाना।कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसके श्रीवास्तव,अयोध्या सिह,उमेश मिश्रा,अशोक शर्मा,सुनील अग्रवाल,ब्ही.डी सिह,डी.एन सिंह,ए.के. शुक्ला, गजमोहन सिंह सहित काफी संख्या में पेंशनर साथी उपस्थित रहे।

### सेवा बस्ती से रामपत्रक वितरण कार्यक्रम प्रारंभ

**सतना।** हिन्दू पर्व समन्वय समिति द्वारा श्री रामनवमी शोभायात्रा के लिए घर-घर आमंत्रण देने के उद्देश्य से रामपत्रक का वितरण बजरहा टोला सेवा बस्ती एवं वाल्मिक मोहल्ला से शुभारंभ किया गया। माता शबरी का स्मरण कर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव का न्योता जन-जन को देने के लिए समिति के वरिष्ठ सदस्य रामअवतार चमडिया जितेंद्र जैन हरिओम गुप्ता मनमोहन महेश्वरी विभाष बनर्जी श्यामलाल गुप्ता श्यामू संतोष वंशकार कमल वाल्मीक माधव चौधरी रवि जयसवाल राकेश पराग राम स्वरूप वंशकर राजू जाटव रोहन वाल्मीक प्रदीप जाटव पप्पू जाटव केशव वंशकार पार्षद डोली वाल्मीक सोमवती रावत चुकीं आदिवासी शांति देवी शकुन आदिवासी भरत वंशकर रिंकू वाल्मीक विनोद जाटव विजय जाटव बलराम चौधरी मुरली जाटव अरुण चौधरी ने बजरहा टोला स्थित हनुमान मंदिर एवं भोलेनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर घण्टे शंख ध्वनि ढोल नगाड़े के साथ स्थानीय निवासियों मातृशक्तियों को लेकर बड़ी संख्या में शोभायात्रा के रूप में घर-घर आमंत्रण दिया।इसी तरह वार्ड बीस के बाल्मीकि गुरुद्वारा में समिति के संयोजक कमलजीत सिंह सेठी लखनलाल केशरवानी मनोहर डिगवानी जगदीश कश्यप आनिशा ओबेरॉय श्वेता शर्मा अर्चना पटेल मधु बाल्मीक वार्ड पार्षद सुमन बाल्मीक उत्तम बाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में शक्तिकेन्द्र के कार्यकर्ता माताएँ बहने शामिल हुई। महाकुंभ रज और पीले चावल के साथ रामपत्रक पाकर जन-जन में उत्साह उमड़ रहा है।

### विधायक सिद्धार्थ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**सतना।** जबलपुर स्थित एमपी-एमएलए की स्पेशल कोर्ट ने सतना के विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। विशेष न्यायाधीश डीपी सूत्रकार ने सतना के एसपी को 3 अप्रैल तक विधायक को गिरफ्तार कर पेश करने का आदेश दिया है। मामला 2016 का है। विजय कनकने ने 1 लाख 25 हजार रुपए के चेक बाउंस होने पर 4 मार्च 2016 को कटनी जिला न्यायालय में परिवाद दायर किया था। कुशवाहा के विधायक होने के कारण केस जबलपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया। **कोर्ट में पेश नहीं हुए विधायक** सुनवाई के दौरान परिवादी के वकील ने कोर्ट को बताया कि 26 फरवरी 2018 को जारी गिरफ्तारी वारंट के बाद भी विधायक कोर्ट में पेश नहीं हुए। स्पेशल कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि अपराध जमानती होने की स्थिति में आरोपी को जमानत मिलने पर कोर्ट में उपस्थित होने की सूचना देनी होगी।

---

सतना। मुख्तियार गंज इलाके में निर्माणधीन पुल में बाधक बने अतिक्रमण को गुरुवार को जिला प्रशासन ने हटाने की कार्रवाई की। यहां पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पहले भी की गई थी,लेकिन कुछ अतिक्रमणों को नहीं हटाया गया था। काम करने में दिक्कत आने के बाद गुरुवार को जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि लंबे समय से पुल का निर्माण किया जा रहा है लेकिन अभी तक निर्माण कार्य में तेजी नहीं आ पाई है।



# निर्माणाधीन पुल में बाधक बने अतिक्रमण को प्रशासन ने हटाया





### छोटा किया जा चुका है पुल का आकार प्रकार

मुंबई-हावड़ा रेलमार्ग के मुख्तियार गंज इलाके में 31 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे रेलवे ओवर ब्रिज की 3.60 मीटर चौड़ाई को निर्माण एजेंसी सेतु निगम ने गुपचुप तरीके से कम कर दिया है। इसके पहले मेडिकल कॉलेज में की कैंसर यूनिट की कटौती की गई थी।अब इस आरओबी की चौड़ाई 12 की जगह 8.40 मीटर कर दी गई है। मुख्तियार गंज का आरओबी की चौड़ाई का अंदाजा सेमरिया चौक पर बने फ्लाई ओवर के बिरला रोड की और जाने वाली शाखा से लगाया जा सकता है। मुख्तयार गंज आरओबी की तय की गई चौड़ाई में ट्रैफिक लोड बढ़ने पर वाहनों को निकलने में समस्या होगी। रेलवे ओवर ब्रिज प्रोजेक्ट में बदलाव कई बार हो चुका है। मुख्तियार गंज में बन रहे आरओबी की चौड़ाई को कम किए जाने को लेकर तरह-तरह के सवाल उठने लगे हैं। अब यहां के लोग सिविल लाइन से सर्किट हाउस चौक के बीच बने 60 साल पुराने आरओबी को बेहतर बताया जा रहा है,जो मौजूदा समय में साढ़े 12 मीटर चौड़ा और दोनों तरफ साढ़े तीन मीटर में फुटपाथ बना हुआ है। शहर में दूसरे प्रोजेक्टों की तरह मुख्तियार गंज में बन रहे 650 मीटर लंबे आरओबी में भी कई बदलाव किए गए हैं। सेतु निगम ने रेलखंड के दोनों तरफ के हिस्सों को पहले 12-12 मीटर चौड़ा करने का प्रोजेक्ट तैयार किया,लेकिन मुख्तियार गंज के क्षेत्र में कई लोगों के भवन को गिराना पड़ता,जिसमें फिर से बदलाव किया गया और उस क्षेत्र में ब्रिज की चौड़ाई को कम कर 8.40 मीटर कर दिया गया। इसी तरह,सिविल लाइन एरिया में भी 12 मीटर की जगह 8.40 मीटर चौड़ाई कर दी गई। एक तरह से आरओबी की चौड़ाई को कम करने के लिए प्रोजेक्ट में बदलाव किए गए।

### प्रोजेक्टों में की गई कटौती

कई प्रोजेक्ट में कटौती की गई है। हवाई अड्डे के रनवे को केवल 1200 मीटर कर दिया गया, जिससे प्लेन उतर नहीं पा रहे। मेडिकल कॉलेज में कैंसर यूनिट को कम कर दिया गया जिससे बजट भी काट दिया गया। इसके साथ ही,सेमरिया चौक के ओवरब्रिज की ड्राइंग-डिजाइन में बार-बार बदलाव हुए जिससे प्रोजेक्ट लेटलतीफी का शिकार हुआ।

---

# सरपंच से मारपीट, लूटपाट; एक आरोपी को गांव वालों ने पकड़ा

**सतना।** उचेहरा ब्लॉक में गढोत गांव के सरपंच महेंद्र सिंह गोड़ सरपंच के साथ बुधवार रात 4 अज्ञात बदमाशों ने मारपीट की और लूटपाट कर फरार हो गए। घटना की शिकायत उचेहरा थाने में दर्ज कराई गई है। लेकिन घटनास्थल दो थानों के सीमा विवाद के कारण खबर लिखे जाने तक पक्की एफ आई आर दर्ज नहीं हो सकती थी। इस सिलसिले में ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़ा है जिसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जाता है कि आरोपी सरपंच पर कट्टा तानकर उनकी एक्टिवा और 1 लाख 10 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए। घटना गणेश घाटी में रात लगभग 10 बजे की बताई गई है।



### अभी भी नहीं सुधरा रवैया

सीमा विवाद के कारण पीड़ित को पूरी रात मैहर और उचेहरा थानों के बीच भटकना पड़ा। दरअसल पुलिस पीड़ित को ये कह कर भटकाती रही कि मामला हमारे थाना क्षेत्र का नहीं है। इस मामले में राहगीरों ने एक आरोपी भाग्यचंद्र पटेल को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पीड़ित सरपंच महेंद्र सिंह ने बताया कि वो मैहर में एक ट्रेडर्स की दुकान पर काम से गए थे। रात में घर लौट रहे थे तभी वारदात हो गई। आरोपी लूट करने के बाद जब भाग रहे थे तो उनमें से एक को कुछ राहगीरों ने पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वो आरोपियों को जानता है। उसने एक्टिवा वापस दिलाने का भी वादा किया। बाद में आरोपी को उचेहरा पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

### मौके पर पहुंचे ग्रामीण

घटना की खबर लगते ही देर रात ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मारपीट की वजह से सरपंच महेंद्र सिंह के हाथ में चोट भी आई थी। घटनास्थल से मैहर नजदीक होने से सभी लोग मैहर कोतवाली पहुंचे। वहां पुलिस ने कहा कि मामला उनके थाना क्षेत्र का नहीं है। सभी लोग उचेहरा थाने आए। वहां भी जवाब मिला कि ये मामला मैहर थाना क्षेत्र का है। सुनवाई न होने पर सरपंच को अस्पताल ले गए इसके बाद सरपंच व ग्रामीण फिर से मैहर गए। वहां से देवी जी चौकी गए लेकिन कहीं सुनवाई न होने पर आखिर में वो मैहर सिविल अस्पताल में पीड़ित सरपंच के हाथ का इलाज करवाने ले गए। इसके बाद आरोपियों के पकड़े गए एक साथी को ले कर उचेहरा थाने पहुंचे। और उसे पुलिस के हवाले किया।

### सुबह घटना स्थल गए उचेहरा टीआई

गुरुवार सुबह साढ़े 10 बजे उचेहरा टीआई सतीश मिश्रा ग्रामीणों के दबाव में घटना स्थल गए। टीआई ने बताया कि वे मौके पर हैं। घटना स्थल मैहर थाने में आता है,लेकिन ग्रामीण मान नहीं रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीमा नापने के लिए पटवारी को बुलाया गया है।

---

# शराबी पति से परेशान होकर पत्नी ने बेटे के साथ मिलकर की थी हत्या

### घंटों बाद खेत से मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

**सतना।** मैहर पुलिस ने एक व्यक्ति की हत्या का 24 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। तिलौरा निवासी गुड्डा उर्फ सूरज कोल 40 वर्ष की हत्या में उसकी पत्नी राजकुमारी कोल 35 वर्ष और बेटे सागर कोल 18 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। घटना 15 मार्च की है। मृतक के परिजनों ने 17 मार्च को दोपहर करीब 1 बजे थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि गुड्डा 15 मार्च की शाम को फाग गाने के लिए घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। पुलिस ने पहले गुमशुदगी का मामला दर्ज किया और दो घंटे बाद ही गांव के पास भेड़ा प्रवेश द्वार के निकट एक खेत में गुड्डा की लाश मिली। शव के सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट के निशान थे। पीठ और बाएं पैर पर भी मारपीट के निशान मिले। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सामने आया कि मौत सिर पर लगी चोट से हुई थी। लाश करीब 40 घंटे पुरानी थी। मृतक की शराब की लत से परिवार परेशान था। उसने आवास योजना के पैसे भी शराब में खर्च कर दिए थे।

### घर पर मिले बर्तनों ने खोली पोल

सीएसपी राजीव पाठक ने बताया कि पुलिस ने सबसे पहले मृतक की पत्नी राजकुमारी और बेटे सागर से पूछताछ की। दोनों ही लोग दोपहर की बात दोहराते हुए रोने-बिलखने लगे। इस बीच मृतक के भाई राजकुमार कोल समेत पड़ोसियों के जरिए यह पता चला कि घर से निकलते समय गुड्डा नॉनवेज बनाने के लिए बर्तन भी साथ ले गया था,जो कि अगले दिन घर पर ही मिले। यहीं से पत्नी राजकुमारी पर शक गहरा हो गया,मगर पूछने पर उसने अनजान बनते हुए हत्या करने वाले पर ही बर्तन चुपचाप घर पर रख जाने का दावा कर दिया। हालांकि उसके बयान और हाव भाव से पुलिस संतुष्ट नहीं हुई। इस दौरान पता चला कि 15 मार्च की रात को लगभग 11 बजे उसे बर्तन लेकर घर की तरफ जाते देखा गया था। इस सुराग को गंभीरता से लेकर जब उसकी पत्नी और बेटे से सवाल-जवाब किए गए तो दोनों टूट गए और हत्या कर लाश को खेत में फेंकने का जुर्म स्वीकार कर लिया।

### बेटे के साथ की थी मारपीट

महिला ने बताया कि पति लगभग हर दिन शराब पीकर घर में गाली-गलौज और मारपीट करता रहता था। नशे के लिए घर की चीजें और मजदूरी के पैसे भी छीन लेता था। उसने पीएम आवास योजना के तहत मिले पैसे भी नशे में उड़ा दिए। घटना की रात वह नशे की हालत में लौटा और बेटे सागर के साथ गाली-गलौज, मारपीट पर उतारू हो गया। तब खुद को बचाने के लिए बेटे ने धक्का दिया तो शराब के नशे में धुत गुड्डा नीचे गिर गया। इसके बाद ही मोगरी और लोढा से हमला कर उसकी हत्या कर दी। रात के अंधेरे में लाश को कंबल में रस्सी से बांधकर खेत में फेंक आए। मारपीट के समय रोटी में खून लग गया। जिसे डंडे,कंबल,रस्सी और पन्नी के साथ घर के पीछे छिपा दिया गया। पुलिस द्वारा सभी चीजें दस्तयाब कर आरोपी मां-बेटे को गिरफ्तार किया गया। जिन्हें बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

---



# ढाई सौ से ज्यादा बिजली कनेक्शन काटे गए

### सबेरे 6 बजे से काटे कनेक्शन, दुकान खुली तब पता चला



सतना। विद्युत वितरण कंपनी की टीम ने शहर में कनेक्शन काटने से ज्यादा मीटर निकालने की कार्रवाई की। विगत माह जिन्होंने पेमेंट नहीं किया था,उनके कनेक्शन काटे गए। शहर में 14 टीम बनाई गई और हर टीम के प्रभारी अधिकारी को क्षेत्र आवंटित किए गए।जिसमें मुख्तयार गंज वितरण केंद्र में कुल1453 उपभोक्ता पर 23.56 लाख की वसूली के लिए कुलदीप मिश्रा ए ई को मुख्तयार गंज क्षेत्र, दिनेश पाल ए ई को बरदाडीह,प्रभाकर सिंह को शहर और भरहुत नगर और रीवा रोड सर्किट हाउस तक आवंटित किया गया है। कोलगवां वितरण केंद्र में 2022 कनेक्शन पर 41.56 लाख की वसूली के लिए विद्या सागर सिंह ए ई को बांधवगढ़ कॉलोनी और सिंधी कैंप,राहुल मिश्रा जेई को नई बस्ती,घूरडांग और बड़खर,मानवेंद्र नंदन जे ई को उतैली,गहरानाला और इंडस्ट्रियल एरिया दिया गया है। आरईएस वितरण केंद्र में 3156 उपभोक्ताओं पर 61.56 लाख की वसूली के लिए प्रेमनगर,धवारी एरिया में राम विनीत तिवारी ए ई,खूंथी जवाहर नगर और राजेंद्र नगर में मो इसरार जे ई और पतेरी,अमोघा बगहा और महादेवा में आशुतोष गुप्ता एई की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही शहर और टिकुरिया टोला क्षेत्र में 2956 उपभोक्ताओं पर 51.88 लाख बकाया के लिए अवनीश पांडे ए ई को बाजार क्षेत्र,चंदन तिवारी को नजीराबाद और प्रेमविहार क्षेत्र और अजय दुबे जेई को टिकुरियाटोला, कृपालपुर, डिलौरा क्षेत्र दिया गया है। कोलगवां में 147 कनेक्शन काटे गए। जिसमें से 81 मीटर निकले गए 2.69 लाख के। मुख्तयार गंज में 151 कनेक्शन काटे गए जिसमें से 63 मीटर रु 3.28 लाख के निकाले गए। आर ई एस में कुल 174 कनेक्शन काटे गए और 76 मीटर निकाले गए जिसके राशि 4.11 लाख थी। शहर और टिकुरिया टोला में 209 कनेक्शन काटे गए एवं 92 मीटर निकाले गए जिसकी राशि 6.85 लाख है। आज सघन डिस्कनेक्शन अभियान में सवेरे 9 बजे अधिकारी सीधे फील्ड पर निकल गए। शहर में मुख्य बाजार में दुकानों पर बकाया राशि वसूलने के लिए सवेरे 6 बजे से कनेक्शन काटे गए। जब दुकानें सवेरे खुली तो बिजली न आने की शिकायत लेकर दुकानदार पहुंचे तो बिल जमा करना पड़ा और साथ ही 340 रुपए आर सी डी सी चार्ज भी बिल में लग गया। आज 1625 स्मार्ट मीटर 17.58 लाख के भी काटे गए जिन्होंने बिल जमा नहीं किया था। ये अभियान 31 मार्च तक सघन रूप से चलेगा। कुछ उपभोक्ता तो लाइट जुड़वाने के लिए प्रेमनगर के चक्कर काटते नजर आए।सतना के अधीक्षण अभियंता पी के मिश्रा ने सभी उपभोक्ताओं को बिल जमा करने को कहा है,उन्होंने बताया कि शहर में ग्रामीण की 11 विशेष टीम और 7 अतिरिक्त गाड़िया दी गई है।

---

# सोनवारी गांव में मौजूद वन विभाग की जमीन पर अल्ट्राटेक सीमेंट उद्योग द्वारा एक बार फिर बेजा कब्जे की तैयारी

**मैहर।** बघेल खण्ड में एक कहावत है कि लहटी गाय गोलाइंदा खाय, दऊढ दऊढ मौहरय जाय मतलब एकबार कोई किसी चीज का टेस्ट पा जाय तो फिर बार बार उसे चखने की आदत पड़ जाती है। यही हाल मैहर सरलानगर स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट उद्योग का है। जहां उद्योग के सामने वन विभाग की जमीन पर बेजा कब्जा कर अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया और वन विभाग वर्षों से महज तालियां बजा रहा था। लेकिन जब मामला मध्यप्रदेश की विधानसभा में गूंजा तब विभाग की नींद टूटी और जांच पड़ताल जारी हुई जिसमें लगभग 16 हेक्टेयर जमीन वन विभाग की निकली जिसमें कंपनी के द्वारा बेजा कब्जा होना पाया गया। जिसकी गहन जांच अभी जारी है लेकिन इस उद्योग की तो फितरत है जहां भी सरकारी वन विभाग गरीब असहाय पीड़ति आदिवासियों की जमीन मिले उसे जबरन हथिया लो खोद डालो,किसान की जमीन नष्ट कर डालो उसे भिखारी बना दो उसके परिवार को मरने के लिए मजबूर कर दो क्योंकि इस उद्योग के अन्याय के खिलाफ कोई बोलने वाला नहीं।

### इनका कहना है-

उक्त संबंध में जनपद उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी ने कहा कि शासकीय जमीनों पर बेजा कब्जा करने के मंसूबे कंपनी छोड़ दे। हम ग्रामीण जनों से बातचीत करेंगे व बृहद आंदोलन करेंगे नहीं तो कंपनी सोनवारी गांव में खोदे गए पिलर दीवार उक्त जमीन से हटा ले अन्यथा कंपनी गेट पर उग्र आंदोलन किया जायेगा।

---

# राजस्व और वन विभाग की जमीन पर कर रहे बेजा कब्जा

**मैहर।** अल्ट्राटेक सीमेंट उद्योग अधिकारी और उसी उद्योग में कार्यरत एक अन्य अधिकारी मिलकर उद्योग से लगी सोनवारी ग्रामपंचायत की राजस्व और वन विभाग की जमीन पर बड़ा खेल करने की तैयारी में है। सरकारी आराजी से लगी निजी जमीनों के मालिकों से अनुबंध में उनकी जमीनें लेकर वहां सोलर प्लांट बैठाने का कार्य कर रही और कंपनी उक्त क्षेत्र में बाउंड्री बना क्षेत्र को संरक्षित करना चाहती है और करना भी चाहिए इस बात का कोई विरोध भी नहीं कर रहा। लेकिन कंपनी कुछ चतुर सियारो को आगे करके उन क्षेत्रों से लगी आराजी जो कुछ राजस्व के हिस्से में है कुछ वन विभाग के हिस्से में है गोलमोल कर आराजी को गुंडागर्दी के दम पर अपनी बाउंड्री के अंदर कर अपने अधिपत्य में लेना चाहती है जिसका विरोध क्षेत्र के ग्रामीण और सरपंच कर रहे हैं।

### इनका कहना है-

मामला हमारे पास आया है हम मामले में जांच टीम गठित कर पूरे मामले की जो अवैध तरीके से बेचा गया है और कहा कब्जा किया जा रहा है सभी के विरुद्ध कार्यवाही करेंगे कोई निर्माण करेगा उसे भी ध्वस्त करेंगे।

विकास सिंह एसडीएम, मैहर।

---

**न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला-मैहर (म.प्र.)**

क्र. 104/रीडर/2025 मैहर, दिनांक 17.3.25

**सार्वजनिक सूचना**

**हिन्दु विवाह अधिनियम 1955 की धारा-8 एवं म.प्र. हिन्दु विवाह पंजीकरण नियम 1984 का नियम 4(क) के तहत**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीप्तदर्शन सेनगुप्त पिता श्री शंकर्शन सेनगुप्ता उम्र 65वर्ष निवासी कटरा बाजार मैहर तहसील व जिला मैहर म.प्र. एवं आवेदिका सोनाली पिता सुरेन्द्र मोहर चौधरी उम्र 55वर्ष निवासी सतना रोड घंटाघर मैहर जिला मैहर म.प्र. के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर हिन्दु विवाह अधिनियम 1955 की धारा 8 एवं म.प्र. विवाह पंजीकरण नियम 1984 का नियम 4(क) के अंतर्गत विशेष विवाह अनुष्ठापन हेतु आवेदन दिनांक 17.03.25 को प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित विवाह अनुष्ठापन के विरुद्ध यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रुप में इस न्यायालय में दिनांक 8/4/25 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्ति आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 17.03.2025 को मेरे एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर**
जिला-मैहर (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगारों से ढाई लाख की धोखाधड़ी



**अमानगंज।** अमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हिनौता दुबे निवासी रामसखा कोरी पिता मुन्नीलाल ने पुलिस थाना उपस्थित होकर शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि मेरे पुत्र सोनू कोरी और भतीजे पुष्पेंद्र कोरी पिता बिहारी कोरी को छात्रावास में चपरासी की नौकरी दिलाने के लिए ग्राम कमता निवासी अरविंद कोरी पिता बाबूलाल कोरी ने विगत 6 अगस्त 2024 को विभिन्न किस्तों में कुल मिलाकर 265000 रुपए नगदी राशि धोखाधड़ी एवं गुमराह करते हुए ले ली और फिर नौकरी का प्रलोभन देते हुए कुछ दिन और रुकने को कहता रहा लेकिन अब मेरा फोन नहीं उठाता इसके बाद मैं और मेरा पुत्र सोनू कोरी धोखेबाज अरविंद कोरी को ढूंढते हुए उसके गांव कमता पहुंचे लेकिन वह गांव में नहीं मिला और उसका भाई हम लोगों से लड़ाई झगड़ा करने लगा। इसके बाद धोखे के शिकार युवकों ने अपने पिता के साथ पुलिस थाना अमानगंज पहुंचकर शिकायती आवेदन देकर पुलिस से धोखाधड़ी करने वाले युवक के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करते हुए पैसे दिलाए जाने की मांग की।

### विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस आज

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन इस वर्ष 15 मार्च के स्थान पर 21 मार्च को किया जाएगा। इस अवसर पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 2 बजे विश्व उपभोक्ता दिवस का कार्यक्रम होगा। जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया ने विभागीय अधिकारियों से जिला स्तरीय कार्यक्रम में आम उपभोक्ताओं से संबंधित जानकारी के साथ उपस्थित रहने का आग्रह किया है। साथ ही उपभोक्ता संरक्षण क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों सहित जनप्रतिनिधियों, उपभोक्ता संगठन, अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकारगण तथा उपभोक्ताओं एवं व्यापारीगण से भी कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है।

### गेहूं उपार्जन के लिए प्रशिक्षण शुक्रवार को

**पन्ना।** रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं तथा गुणवत्ता परीक्षण के लिए शुक्रवार, 21 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों से प्रशिक्षण के दौरान उपार्जन संबंधी सम्पूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### लापता किशोर को तलाश कर परिजनों से मिलाया

**कटनी।** रंगनाथ नगर पुलिस ने एक किशोर को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार लखेरा निवासी गत दिवस फरियादिया ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराई कि उसका 16 वर्ष 6 माह का बालक रात 10 बजे से लापता है जिसका कोई पता नही चल रहा है।

# जनप्रतिनिधि के रूप में आम आदमी की समस्याओं को जानने के लिये जन जन से मिल रहे विधायक गुनौर

**पन्ना।** ग्राम पंचायत सकरिया के ग्राम चौपरा पहुंचकर अंतिम छोर के व्यक्तियों के बीच आदिवासी बस्ती में लोगों से रू-ब-रू होकर जल संकट से निपटने को लेकर पेयजल को ध्यान में रखते हुये टंकी निर्माण को लेकर अवगत कराया, जब स्वयं जनता दुखदर्द को जनप्रतिनिधि समझते है जनता के बीच में पहुंचते है तो समस्याओं का निदान स्वमेव होता है। जमीनी हकीकत जानने के लिये जमीन पर उतर कर ही आम जनता के बीच में पहुंचने से हालात ही सामने आते है। वहीं आपकी जनता भी आपसे अपने दुखदर्द को बयां करती है वहीं संवेदनशीलता जनप्रतिनिधियों की भी आम जनता के बीच में जानी जाती है। वर्तमान समय में जिले के गुनौर विधायक डॉ0 राजेश वर्मा इन दिनों अपनी कार्य प्रणाली को लेकर अलग ही जाने जाते है। सुख के समय त्यौहार में भी लोगों के बीच में पहुंचकर खुशियां मनाते है उदाहरण को लेकर होली के समय ढोलक बजाकर फाग का रंग जमाया वहीं दुख की घड़ी में भी लोगों के बीच में पहुंचते है। अब समस्याओं के निदान करने को लेकर भी खुद आम जनता के बीच में अंतिम छोर के व्यक्तियों के मध्य पहुंचकर उनकी समस्या को जानने के साथ-साथ निराकरण किये जाने के प्रयासों को भी



आम जनता के बीच में ही बयां करते है। उदाहरण को लेकर पंचायत सकरिया के ग्राम चौपरा आदिवासी बस्ती में पहुंचकर लोगों से रू-ब-रू हुये और सभी को गर्मी को ध्यान में रखकर भीषण जल संकट से निपटने को लेकर जो पेयजल टंकी का निर्माण कराया गया है। उसकी खुशियां बयां की साथ ही पानी का सदउपयोग करें पानी व्यर्थ में न बहायें सभी याद रखें जल है तो जीवन है जल है तो कल है यहां एक पंक्ति जुड़ती है जनप्रतिनिधि जनता के लिये समर्पित है तो समस्याओं से निदान को लेकर संभव है जो गुनौर विधायक की कार्यप्रणाली से स्वमेव जाना जाता है। आम जनता ने जिस तरह से अपना अमूल्य मत देकर आपको विधानसभा पहुंचाया वहीं आपका कर्तव्य व दायित्व निश्चिततौर पर अपनी जनता के बीच में देखने को मिल रहा है चाहे पुलिस के लाठी चार्ज के समय हो या फिर जनता की प्यास बुझाने के लिये या दुख दर्द या खुशियों के पर्व हों सभी के साथ डॉ0 राजेश वर्मा गुनौर विधायक की उपस्थिती अपनी जनता के साथ जनप्रतिनिधि का दायित्व निभाने को लेकर अपनी अलग ही छाप छोड रहे है आम जनता जिनकी सराहना स्वमेव करने को लेकर जानी जा रही।

## सुनवानी प्रीमीयम मैच का आज खेला गया फाइनल मुकाबला





**पवई।** पवई विधानसभा के अंतर्गत सुनवानी कला में आज फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें मनु 11 और पबई11के बीच खेला गया इस टूर्नामेंट के आयोजक एवं मुख्य अतिथि रहे डॉक्टर अमित खरे मुख्य अतिथि डॉक्टर अमित खरे ने क्रिकेट टूर्नामेंट में51000 की प्रोत्साहन राशि भेंट की। आईएसपीएल क्रिकेट खिलाड़ी अंकित मौर्य सुनवानी टीम से खेले अंकित मौर्य रितिक रोशन की टीम बेंगलुरु से मैच खेलते हैं और आईएसपीएल के स्टार खिलाड़ी है स्टार खिलाड़ी अंकित मौर्य को देखने के लिए भारी भीड़ इकट्ठी हो गई लोग सेल्फी एवं ऑटोग्राफ लेने लगे आईएसपीएल के स्टार खिलाड़ी ने 52 रन बनाए मैच में पवई 11 विजेता रही डॉक्टर अमित खरे ने कहा कि ऐसी क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन होते रहना चाहिए क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या हो आप हमें बता सकते हैं चाहे वह स्वास्थ्य संबंधी हो पानी संबंधी हो आगे भी है ऐसे टूर्नामेंट का आयोजन मेरी तरफ से किया जाएगा स्टार खिलाड़ी अंकित मौर्य ने कहा अब टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट में भी अच्छा फ्यूचर है युवा नशे से दूर रहे और खेल में अपनी रुचि बढ़ाएं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जागेश्वर शुक्ला ने कहा अमित खरे हमेशा समाज की सेवा करते रहते हैं जब भी जरूरत होती है।

## भ्रष्टाचार और शासकीय कार्यों में लापरवाही पर प्रशासन सख्त, गुनौर में पटवारी निलंबित

**पन्ना।** पन्ना जिले में भ्रष्टाचार और शासकीय कार्यों में लापरवाही के मामले बढ़ते जा रहे हैं, जिससे आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में गुनौर तहसील के पटवारी नीरज रावत को प्रशासन ने कलेक्टर के निर्देशों की अवहेलना करने और शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई तहसीलदार गुनौर से प्राप्त प्रतिवेदन और जिला कलेक्टर के आदेशों के बाद की गई है, जिसमें यह साफ कहा गया कि श्री रावत ने किसानों की रजिस्ट्री और अन्य महत्वपूर्ण शासकीय कार्यों में कोई रुचि नहीं दिखाई, जिसके कारण कार्यों की प्रगति न्यूनतम रही। श्री रावत के निलंबन के बावजूद जिले के अन्य पंचायतों में भी भ्रष्टाचार और शासकीय कार्यों में लापरवाही की समस्या बनी हुई है। कई पंचायतों में कर्मचारियों द्वारा योजनाओं की सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक नहीं पहुँच पा रहा है। सीईओ के बदलने के बाद भी इन समस्याओं में कोई सुधार नहीं हुआ है, और जनता को प्रशासनिक लापरवाही का सामना करना पड़ रहा है। इन सब परिस्थितियों में प्रशासन को तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। कलेक्टर और सीईओ को चाहिए कि वे पंचायतों के कार्यों की निगरानी कड़ी करें और भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ने के लिए कठोर कदम उठाएं। अगर इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो जनता का विश्वास प्रशासन पर और कम हो सकता है, जिससे सरकार की योजनाओं का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। अब समय है कि प्रशासन भ्रष्टाचार और लापरवाही पर कड़ी सजा सुनिश्चित करे, ताकि पन्ना जिले में सरकारी योजनाएं सही तरीके से कार्यान्वित हो सकें और आम जनता को राहत मिल सके।

## पवई नगर परिषद पवई में रंग पंचमीं पर हुआ बवाल



**पवई।** नगर परिषद पवई इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। जहां एक दिन पूर्व नगर परिषद पवई के अध्यक्ष के खिलाफ नगर परिषद पवई के एक कर्मचारी ने परिवार सहित थाने पहुंच कर मारपीट करने की शिकायत की थी। मामला अभी सुलझा ही नहीं था कि बुधवार की शाम रंग पंचमी पर्व पर नगर परिषद अध्यक्ष पर हमले की वारदात घटित हो गई। जानकारी अनुसार रंग पंचमी के दिन शाम को नगर परिषद पवई में रंग पंचमी महोत्सव के अंतर्गत फाग का कार्यक्रम चल रहा था, इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत परिषद के बाहर किसी कार्य से बाहर गए तो उनके ऊपर एक युवती व कुछ युवकों द्वारा सुनियोजित तरीके से हमला बोल दिया, जिससे बचकर अध्यक्ष वहां मौजूद लोगों के सहयोग से अपने घर चले गए और फिर रात में पवई पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं इस मामले पर थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी ने बताया कि नगर परिषद अध्यक्ष पर हमला करने वाले एक युवती सहित पांच युवकों पर भारतीय न्याय सहायता की अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है,आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे। बीते दो दिनों से नगर में घटित घटनाक्रम की वजह से नगर वासियों में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है।



# पहाड़ीखेरा में मनाया गया वीरांगना अवंती बाई लोधी का 167 में बलिदान दिवस



### राष्ट्रीय एकता, नारी सशक्तिकरण एवं नारी सम्मान की ली गई शपथ



**पन्ना।** सन 1857 की क्रांति में अंग्रेजों के खिलाफ जंग का ऐलान कर आखिरी सांस तक युद्ध लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाली अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी के 167 वें बलिदान दिवस पर पन्ना जिले के पहाड़ीखेरा में स्थित मंडी प्रांगण में गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा वीरांगना अवंती बाई लोधी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प माला अर्पित कर किया गया। इसके बाद क्षेत्रीय बेटियों ने सुंदर स्वागत गीत प्रस्तुत किए, इस दौरान उपस्थित जनों को राष्ट्रीय एकता नारी सशक्तिकरण एवं नारी सम्मान के लिए बेटियों एवं महिलाओं को बराबरी का दर्जा एवं सम्मान हेतु जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन राम शिरोमणि सिंह लोधी पूर्व सैनिक व ग्राम पंचायत दिया के सरपंच एवं फौजी हिम्मत सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन की पूर्व कैबिनेट मंत्री सुश्री कुसुम सिंह महदेले ने समाज को आपसी बुराइयों से मुक्त होकर राष्ट्रहित और समाज हित में कार्य करने का संदेश दिया। वरिष्ठ कवि साहित्यकार एवं अधिमान्य पत्रकार लक्ष्मी नारायण चिरौल्या ने अपने शानदार उद्बोधन एवं कविताओं से उपस्थित जनों को महिलाओं और बेटियों के सम्मान का संदेश देते हुए कार्यक्रम के आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। जल जीवन मिशन से जुड़े सदस्यों ने नुक्कड़ कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुश्री कुसुम सिंह महदेले पूर्व मंत्री, विशिष्ट अतिथि सुश्री प्रभा गोंड़ जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती उमा लोधी शिक्षिका, श्रीमती पैसुनिया लोधी, श्रीमती सुनीता लोधी, श्रीमती शिवम लोधी, उमा लोधी जमुनिहा, युवी सिंह, नंदपाल सिंह लोधी बीईओ, डॉ केपी राजपूत, शिव मोहन सिंह लोधी, राजू महदेले, चंद्रशेखर सिंह लोधी लोधी युवा महासभा अध्यक्ष, रामखेलावन सिंह लोधी क्रांति सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष, धर्मेंद्र पाण्डेय जनपद उपाध्यक्ष, शारदा प्रसाद सिंगरौल, बाला लोधी उमरी सरपंच, राम धाम लोधी, अरविंद सिंह यादव पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, चरणदेव राजपूत, मुकेश गोंड़ जयस जिला अध्यक्ष, ओम प्रकाश लोधी, रामपाल सिंह राजपूत, शिव कुमार लोधी, सुखदेव लोधी सरपंच कमताना, शुभकांत सिंह लोधी सरपंच खोरा, नयागांव सरपंच कौशल किशोर लोधी, भाजपा मंडल अध्यक्ष धरमपुर धीरेन्द्र सिंह लोधी, हनुमान दास बांदा, शुभम लोधी, राजकिशोर सिंह लोधी, जयपाल सिंह लोधी, सुशील कुमार लोधी, बेटा लाल, श्री कृष्ण लोधी, सीता राम लोधी, सतीश, केश कुमार, समाज सेवी पुस्सी लोधी जी, राजेश लोधी, विपिन सिंह, रक्षपाल सिंह, मोनू मिश्रा, राजेंद्र लोधी मीडिया प्रभारी सहित काफी संख्या में युवा बुजुर्ग महिलाएं और बच्चे शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन रतन सिंह लोधी, चंद्रशेखर सिंह लोधी एवं जयपाल सिंह लोधी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया एवं आभार प्रदर्शन राम शिरोमणि सिंह लोधी सरपंच एवं पूर्व सैनिक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगों के साथ-साथ पन्ना सतना छतरपुर और बांदा जिले के काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

# वित्तीय वर्ष के शेष दिवसों में अधिकतम प्रकरणों का करें निराकरण- कलेक्टर



### बैंकर्स एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक में दिए गए निर्देश

**पन्ना।** समस्त बैंकर्स विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर वर्तमान वित्तीय वर्ष के अंतिम 10 दिवसों में हितग्राहीमूलक योजनाओं में अधिकतम प्रकरणों के वितरण व निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए कार्ययोजना भी निर्धारित कर लें। एनपीए एवं सीडी रेशियो में सुधार सहित बैंक स्तर पर बकाया राशि की वसूली कार्यवाही पर भी अनिवार्य रूप से ध्यान दें। कलेक्टर सुरेश कुमार ने उक्ताशय के निर्देश गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई बैंकर्स एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक में दिए। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुई डीएलसीसी एवं डीएलआरसी की त्रैमासिक बैठक में विभागवार स्वरोजगारमूलक प्रकरणों की स्वीकृति एवं निराकरण पर चर्चा की गई। साथ ही गत बैठक की कार्ययोजना का अनुमोदन भी किया गया। बैंकवार एक्शन प्लान तैयार कर समय-सीमा में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री कुमार ने बैठक में कहा कि बकायादारों से वसूली के लिए अभियान चलाया जाए। राजस्व अधिकारियों एवं पुलिस के सहयोग से शिविर के माध्यम से वसूली शुरू कराने के पूर्व आरआरसी दर्ज करने के लिए बड़े डिफाल्टर को चिन्हित कर बैंकवार सूची प्रस्तुत करें। बैठक में विभागवार योजनाओं में प्रगति की समीक्षा सहित जिले के वार्षिक क्रेडिट प्लान एवं प्राथमिकता व गैर प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में कार्ययोजना एवं लक्ष्य मुताबिक आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। बैंक स्तर पर लंबित प्रकरणों का परीक्षण कर अविलंब प्रकरण निराकृत करने के लिए कहा। इसी तरह राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत महिला स्वसहायता समूह के लंबित प्रकरणों के तत्काल निराकरण के लिए समूह अध्यक्ष व सचिव की बैंक में उपस्थिति दर्ज कराने तथा वांछित प्रक्रिया पूर्ण करने और अंत्यावसायी समिति के माध्यम से गरीब परिवार के व्यक्तियों को लाभांवित करने के लिए संचालित तीन योजनाओं में बैंकर्स को विभाग से ब्याज के लिए ऑनलाइन डिमाण्ड करने के निर्देश दिए गए। उद्यानिकी, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य पालन विभाग सहित अन्य विभाग के जिला अधिकारियों को अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों के माध्यम से प्रकरण तैयार कराने तथा भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षणार्थियों को भी स्वरोजगारमूलक योजनाओं का आसानी से लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने समस्त बैंकर्स को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायतकर्ता से संवाद कर संवेदनशीलता के साथ शिकायतों का निराकरण किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं लीड बैंक अधिकारी शमा बानो सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## विश्व गौरेया दिवस पर प्रधान जिला न्यायाधीश ने पक्षियों के लिए लगाए सकोरे



**पन्ना।** गुरूवार को विश्व गौरेया दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर पन्ना में पक्षियों के लिए पानी के सकोरे लगाए गए। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय की अध्यक्षता में एवं सचिव राजकुमार गौड़ की उपस्थिति में न्यायालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश ने पक्षियों के लिए सकोरे लगवाए। उन्होंने इस मौके पर कहा कि गौरेया एवं अन्य पक्षी हमारे पर्यावरण का अभिन्न हिस्सा हैं। इनकी संख्या में कमी चिंतनीय है। ग्रीष्मकाल में जल स्त्रोतों की कमी से प्यासे पक्षियों के लिए इस तरह के छोटे प्रयास उनकी प्यास बुझाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक होंगे। हम सभी की यह जिम्मेदारी भी है कि अपने घरों, छतों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि मोबाइल का अधिक उपयोग एवं रेडिएशन भी पक्षियों के जीवन को नुकसान पहुंचा रहा है। कार्यक्रम में समस्त न्यायाधीश, अधिवक्ता एवं कर्मचारीगण तथा पक्षकारों से पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता एवं पक्षियों के संरक्षण में भागीदारी निभाने के साथ सार्वजनिक स्थानों एवं घरों में पक्षियों के लिए सकोरे लगाने के लिए प्रेरित करने की अपील भी की।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने कहा कि प्रकृति और जीव संरक्षण के लिए हरसंभव प्रयास करना हम सभी का नैतिक कर्त्तव्य है। गर्मी के मौसम में सकोरे स्थापित करने के प्रयास से नन्हें जीवों की जीवन रक्षा होगी। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश जयशंकर श्रीवास्तव, प्रधान न्यायाधीश रूपेश शर्मा, जिला न्यायाधीश अरविन्द शर्मा एवं सुरेन्द्र मेश्राम, न्यायिक मजिस्ट्रेट इकरा मिनिहाज, प्रीतम शाह, श्वेता आर्य, तनिष्का वैष्णव, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते, लीगल एड डिफेंस काउंसिल चीफ आनंद त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

## निर्माण के पहले सीमांकन आवश्यक, मामला खेल मैदान का

### चारों ओर से अतिक्रमणकरियो ने दबोचा खेल मैदान को, बाउंड्री का चल रहा निर्माण

**पन्ना।** जिले के अमानगंज नगर में स्थित नगर का एकमात्र खेल मैदान जो लंबे समय से उपेक्षा का शिकार रहा है यह कई घोषणा निर्माण की हुई है बड़ी-बड़ी राशि स्वीकृत हुई है परंतु निर्माण में काफी समय लगा है अब जब निर्माण बड़ी मुश्किल से निर्माण की प्रक्रिया आरंभ हुई है तो उसमें भी कोताही बरती जा रही है खेल मैदान का ना तो प्रशासनिक स्तर से सीमांकन हुआ है और ना ही उसकी जमीन को अतिक्रमणकरियो से मुक्त कराया गया है क्योंकि खेल मैदान चारों ओर से अतिक्रमणकरियो की चपेट में है यदि यहां से अतिक्रमण मुक्त खेल मैदान नहीं बनेगा तो खेल मैदान छोटा सा हो जाएगा तो देखने में और खेलने में उपयोगी नहीं होगा तो पहले तो स्थानीय प्रशासन तहसीलदार अमानगंज और नगर निकाय मुख्य नगर पालिका अधिकारी को संयुक्त रूप से यहां से अतिक्रमण हटाना होगा अतिक्रमण हटेगा उसके बाद बाउंड्री बनेगी तो खेल मैदान सुरक्षित हो सकेगा जो देखना होगा और खेलने में उपयुक्त होगा इस विषय में भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष प्रशांत चतुर्वेदी और क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश जी वर्मा का ध्यान आकर्षित करते हुए इस विषय को गंभीरता से लेने का आग्रह किया है और सीमांकन के बाद ही निर्माण की है स्थानिक खिलाड़ियों का कहना है कि यदि एक बार बाउंड्री बन जाएगी तो फिर जमीन हाथ से निकल जाएगी स्टेडियम के चारों ओर बैठने के लिए अभी सिडियो का निर्माण बाकी है जिसकी भविष्य में हमें आवश्यकता होगी।

## खबर संक्षेप



### समाजसेवी संस्थान ने लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

#### महिलाओं और किशोरियों को दिए गए सैनिटरी पैड्स

**नौगांव।** ग्राम गर्रोली में मुस्कान सोनी सोशल फाउंडेशन द्वारा एक वृहद् स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य जांच, दवाइयों का वितरण, नेत्र परीक्षण और टीबी परीक्षण की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इस शिविर में विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और स्तनपान कराने वाली महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही, महिलाओं और किशोरियों को सैनिटरी पैड्स भी वितरित किए गए। शिविर में योग्य और अनुभवी डॉक्टरों की टीम मौजूद रही, जिन्होंने विभिन्न चिकित्सा परीक्षण किए और जरूरतमंदों को उचित परामर्श एवं दवाइयां वितरित कीं। इस आयोजन में मुस्कान सोनी सोशल फाउंडेशन की संस्थापक श्रीमती शोभा सोनी स्वयं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें प्रमुख रूप से अमित मिश्रा (जनपद सदस्य, ग्राम गर्रोली), रुपेंद्र तिवारी (सरपंच, ग्राम गर्रोली), महेंद्र विश्वकर्मा, चिरंजी लाल निरंजन, जुगल किशोर विश्वकर्मा, डॉ. रविंद्र पटेल, डॉ. सौरभ मिश्रा, डॉ. सुनील राजपूत, डॉ. अंचल तिवारी, डॉ. शोभा कुरेशिया, आकांक्षा हरदहा, जी. एस. राजपूत, दीपा राजपूत, रेखा अहिरवार, अल्पना खरे, जानकी कुशवाहा, संतोष विश्वकर्मा, रईस अहमद खान, विजय सिंह, मयंक अर्जरिया, राहुल कुशवाहा, हरेंद्र सिंह परमार, आशीष पाठक, मालती विश्वकर्मा, सुधा रिछारिया, सुखदेवी कुशवाहा, प्रियंका राठौर, शिखा चौहान, अर्चना सिंह, ममता अहिरवार, नीलम राजा और सभी आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मुस्कान सोनी सोशल फाउंडेशन की इस पहल की सभी ने सराहना की और भविष्य में ऐसे ही और शिविर आयोजित करने की मांग की।

### गेहूं, चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**छतरपुर।** गुरुवार को जिले के ऑडिटोरियम हॉल में समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्य के लिए गेहूं, चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के लिए पूर्व समिति के प्रबंधक, आपरेटर, केंद्र पर तैनात नोडल अधिकारियों एवं सर्वेयर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एफसीआई, एनसीसीएफ, एनआईसी के अधिकारियों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जिला उपार्जन के सभी सदस्य एवं खाद्य, कृषि, राजस्व के अधिकारी एवं पंचायत के मैदानी क्षेत्रों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चलने में असमर्थ वृद्ध की चारपाई में लगी आग, हुई मौत



**छतरपुर।** जिले के चंदला थाना क्षेत्र के ग्राम गुढ़ाकला में एक दिव्यांग वृद्ध की चारपाई में आग लगने के बाद वह झुलस गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र मुन्ना विश्वकर्मा ने बताया कि उसके पिता रामआसरे विश्वकर्मा की कमर के नीचे का हिस्सा काम नहीं करता था। गत रोज दोपहर के वक्त घर के सभी सदस्य खेत पर गए थे। रामआसरे घर पर अकेले थे और चारपाई पर लेटे बीड़ी पी रहे थे तभी बिस्तर में आग लग गई। चूंकि रामआसरे चलने में असमर्थ थे जिस कारण से वे बिस्तर और चारपाई में लगी आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। घटना के बाद पड़ोसियों ने परिजनों को जानकारी दी जिसके बाद परिजन रामआसरे को लवकुशनगर लेकर गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां गुरुवार की सुबह रामआसरे ने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। चंदला थाना प्रभारी उदयवीर सिंह ने बताया कि मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

## करंट की चपेट में आने से झुलसा किशोर, हालत गंभीर



**छतरपुर।** जिले के भगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम हरी नगर में 14 वर्षीय किशोर हाई वोल्टेज विद्युत लाइन के करंट की चपेट में आकर झुलस गया। घायल किशोर को उसके परिजन जिला अस्पताल लेकर आए, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। घायल किशोर सतीश यादव के पिता भारत यादव ने बताया कि सतीश बीती शाम खेत पर था, जहां जेसीबी मशीन से काम चल रह था। इस दौरान खेत के ऊपर से निकली 11 हजार केव्ही की हाई वोल्टेज विद्युत लाइन का एक तार टूटकर सतीश के ऊपर गिर गया और वह बुरी तरह झुलस गया। हादसे के बाद सतीश को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

## गैस सिलेण्डर ब्लास्ट होने से महिला घायल



**छतरपुर।** जिला मुख्यालय के ओरछा रोड थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम कैंड़ी में गैस सिलेण्डर ब्लास्ट होने से एक महिला के घायल होने का मामला सामने आया है। घायल महिला क्रांति कुशवाहा उम्र 28 वर्ष के पति बबलू कुशवाहा ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 8 बजे क्रांति रसोई घर में खाना पका रही थी तभी अचानक गैस सिलेण्डर ब्लास्ट हो गया और क्रांति बुरी तरह घायल हो गई। हादसे के बाद क्रांति को जिला अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज किया जा रहा है। बबलू के मुताबिक उसने एंबुलेंस को सूचना दी थी लेकिन समय पर एंबुलेंस न पहुंचने के कारण वह क्रांति को ई-रिक्शा से जिला अस्पताल लेकर आया। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने क्रांति की हालत गंभीर बताई है।

## कुलगुरू शुभा तिवारी के रामायण के पत्रों को लेकर दिए बयान से उपजा विवाद

### विद्वानों ने कुलगुरू के वक्तव्य को बताया बुद्धि का अतिरेक



**छतरपुर।** पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की कुलगुरू का एक वकतव्य पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल कुलगुरू ने अपने इस वक्तव्य में न केवल माता सीता को फेमिनिस्ट बताया बल्कि कई अन्य आपत्तिजनक बातें भी कहीं। कुलगुरू द्वारा अंग्रेजी भाषा में यह वक्तव्य ओरछा में दिया गया। उनके द्वारा कही गई बातों से हिंदु समाज के लोगों में नाराजगी है और उनकी जमकर निंदा की जा रही है।

छतरपुर निवासी विकास चतुर्वेदी ने कहा कि कुलगुरू प्रो. शुभा तिवारी ने आदि कवि महर्षि बाल्मीकि के पवित्र ग्रंथ रामायण का जिक्र करते हुए श्रीराम को एक सामान्य लड़का और माता सीता को सामान्य लड़की सिद्ध करने का प्रयास किया है, जिससे प्रतीत होता है कि उन्होंने बाल्मीकि रामायण का अध्ययन ही नहीं किया। वे बौद्धिकता के अतिरेक से पीड़ित होकर यूरोपीय फेमिनिस्ट आदर्शों के आधार पर महिलाओं को अपना जीवन जीने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उन्होंने माता सीता को फेमिनिस्ट बताकर न केवल तथ्यों के साथ खिलवाड़ किया है बल्कि हमारे आदर्शों का अपमान भी किया है। कुलगुरू का यह कहना कि रावण मोटा, काला तथा बदसूरत था इसलिए माता सीता ने उसे नकार दिया, यह बाल्मीकि रामायण में ही उल्लिखित भगवती सीता के पतिव्रत धर्म का अपमान है। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि कुलगुरू महोदया के कहने का यह भी तात्पर्य है कि यदि रावण सुंदर होता तो माता सीता, भगवान राम को छोड़कर रावण को पसंद कर लेती यह अत्यंत ही आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि कुलगुरू का पद अत्यंत सम्मान और गरिमा का पद है और यदि उस पर कोई संभ्रांत महिला विराजमान है तो उससे यह उम्मीद होनी चाहिए कि वे उचित आचरण करें, ऐसा कोई भी कुतर्क न करें जिससे जनसामान्य की भावनाओं को ठेस पहुंचे। उन्होंने उक्त वक्तव्य पर सार्वजनिक तौर पर जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिये क्षमा मांगने का आग्रह प्रो. शुभा तिवारी से किया है।

## दुर्घटना में घायल हुए लोगों ने दर्ज करा दिया झूठा मामला

### एसपी के पास पहुंचे ग्रामीणों ने लगाई न्याय की गुहार

छतरपुर।



ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम मारागुवां गांव के करीब 4 दर्जन ग्रामीणों ने गुरुवार की दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि 2 दिन पहले हुई सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के परिजनों ने जमीनी विवाद के चलते ओरछा रोड थाना में निर्दोष लोगों के विरुद्ध झूठा मामला दर्ज करा दिया है। आवेदन देकर ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

मारागुवां निवासी चाली यादव ने बताया कि वह खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। कुछ लोगों से उसका जमीनी विवाद चल रहा है और उक्त प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। चाली यादव के मुताबिक गत 16 मार्च को सनी, हरजोत, भान सिंह और अरविंद सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, जिनके द्वारा बुराई के चलते ओरछा रोड थाना में उसके परिवार के पांच लोगों के खिलाफ झूठा मामला दर्ज करा दिया गया है। चाली यादव ने बताया कि सिख समाज के कुछ लोगों ने उसकी जमीन पर कब्जा किया है, जिसका मामला न्यायालय में है। कब्जा करने वाले लोग अपराधिक प्रवृत्ति के हैं तथा गांजे का व्यापार करते हैं। इन्हीं लोगों ने विचाराधीन मामला वापिस लेने का दबाव बनाने की मंशा से झूठा मामला दर्ज कराया है। इस मामले में ओरछा रोड थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और मामले की जांच की जा रही है, जो भी तथ्य समने आएंगे उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## जिला अधिवक्ता संघ का होली मिलन संपन्न




**छतरपुर।** गुरुवार को जिला मुख्यालय पर जिला अधिवक्ता संघ का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जिले भर के अधिवक्ताओं ने भाग लिया। संघ के पदाधिकारियों ने सभी अधिवक्ताओं को होली की शुभकामनाएं दीं, वहीं युवा अधिवक्ताओं ने एक दूसरे पर रंग-गुलाल डालकर होली खेली। मंचीय कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विनोद दीक्षित, वरिष्ठ अधिवक्ता रवि पांडे आदि ने अधिवक्ताओं की समस्याओं पर चर्चा करते हुए एकजुट होने का आवाहन किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष गणेश साहू, पंकज पाठक, संजय खरे, हिमांशु चौरसिया, धीरेन्द्र नायक, संजय शर्मा, राजेंद्र शर्मा, प्रशांत सिंह भदौरिया, सौरभ तिवारी, विशाल राय, राजा भदौरिया, राजा यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### चोर गिरोह हुआ पर्दाफाश, 5 गिरफ्तार

## आरोपियों के पास मिली 10 लाख की संपत्ति



**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम कर्री से भैंस चोरी होने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा था। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर तीन अन्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने की कार्रवाई की है। पकड़े गए आरोपियों के पास करीब 10 लाख रुपए की संपत्ति मिली है, जिसे जप्त कर लिया गया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक बाल्मीकि चौबे ने बताया कि कुछ दिन पहले अवैध हथियार के साथ प्रहलाद उर्फ बक्का पुत्र मथुरा यादव निवासी महाराजगंज को 12 बोर की लॉन्ग बैरल अवैध बंदूक तथा राजेंद्र पुत्र जानकी यादव निवासी ग्राम ढड़ारी को 315 बोर के देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया था। दोनों ने माह जनवरी में थाना सिविल लाइन में पंजीकृत ग्राम कर्री से भैंस चोरी के अपराध को कारित करना स्वीकार किया और तीन अन्य आरोपियों के नाम पुलिस को बताए। इसी जानकारी के आधार पर सिविल लाइन पुलिस ने उदयभान पुत्र गोविंद यादव निवासी ग्राम हतना, धनीराम उर्फ प्रधानी पुत्र नंदी कुशवाहा निवासी ग्राम पंचमपुरा तिलौंहा और महेश पुत्र रामस्वरूप यादव निवासी ग्राम ढिगपुरा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास चोरी की भैंस, चोरी में प्रयुक्त जिला कानपुर नगर रजिस्टर्ड महिंद्रा लोडर पिकअप वाहन, अपाचे मोटरसाइकिल सहित करीब 10 लाख की संपत्ति मिली है, जिसे जप्त कर लिया गया है।

## टिकरी गांव में तेंदुओं की दहशत, तीन दिन से बंद हैं स्कूल, आंगनवाड़ी

### घरों में भी लटक रहे ताले, वन विभाग के हाथ अब भी खाली



**छतरपुर।** खजुराहो क्षेत्र के टिकरी गांव में पिछले तीन दिनों से तेंदुओं की दहशत है और गांव का स्कूल, आंगनवाड़ी बंद है। इतना ही नहीं गांव के अधिकांश घरों पर भी ताले लटक रहे हैं। वन विभाग लगातार तेंदुओं को पकडऩे का प्रयास कर रहा है लेकिन अभी तक विभागीय टीम के हाथ खाली हैं। ग्रामीणों के मुताबिक मंगलवार को गांव के पहाड़ पर एक साथ तीन तेंदुए दिखाई दिए थे, जिनमें एक बड़ा तेंदुआ और दो बच्चे थे। ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर विभाग को अवगत कराया था तभी से वन विभाग की टीम तेंदुओं की तलाश कर रही है। ग्रामीण संतराम ने बताया कि तेंदुए रात के वक्त पहाड़ से नीचे उतरकर घरों के पास आ जाते हैं। शाम 7 बजे से तेंदुओं की दहाड़ सुनाई देने लगती है। बुधवार को तेंदुओं ने एक बंदर और गाय के बछड़े का शिकार किया था, जिससे गांव में दहशत का माहौल है। एक अन्य ग्रामीण पवन साहू ने बताया कि तेंदुए ने गांव के कुत्तों पर भी हमला किया है। लवकुशनगर रेंजर शिवरतन सिंह ने बताया कि विभाग की टीम गांव वालों की सुरक्षा और तेंदुओं को पकडऩे के लिए तैनात की गई है। चूंकि तेंदुए दिन के समय बाहर नहीं निकल रहे जिस कारण से अभी तक उन्हें पकड़ा नहीं जा सका है।

## वुमेंस पॉवर ग्रुप ने आयोजित किया सखी मिलन कार्यक्रम



**खजुराहो।** वुमेंस पॉवर ग्रुप ने सखी मिलन कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। वुमेंस पॉवर ग्रुप की संचालिका मयंका गौतम ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर सभी महिलाओं को तिलक लगाया और इसके बाद फूलों की वर्षा कर होली खेली गई। कार्यक्रम में महिलाओं ने अंताक्षरी तथा बच्चों ने गेम खेले। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका पटैरिया ने किया। उन्होंने महिलाओं को उनकी शक्ति पहचानने और संगठित होने की सलाह दी। डांस, खाना और मस्ती के बाद सभी ने मयंका गौतम को सफल और सुव्यवस्थित कार्यक्रम के लिए बधाई दी।

## आज समारोहपूर्वक मनाया जाएगा शौर्य पीठ का आठवां स्थापना दिवस

### प्रतिभाशाली बच्चों को मिलेगा सम्मान, होगा कवि सम्मेलन

छतरपुर

पर्यटक ग्राम मऊसहानियां में आज शुक्रवार 21 मार्च को शौर्य पीठ का आठवां स्थापना दिवस, समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान द्वारा आयोजित किए जा रहे उक्त समारोह में उन प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने पिछले दिनों आयोजित की गई निबंध लेखन, भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। इसके साथ ही शौर्य पीठ पर विशाल कवि सम्मेलन भी होगा, जिसमें देश के जाने-माने कवि उपस्थित होकर काव्य पाठ करेंगे। महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान द्वारा समस्त जिलेवासियों से आयोजन में शामिल होने की अपील की गई है।

## होली मिलन कार्यक्रम में विधायक ने कहा-सब मिलकर करें क्षेत्र का विकास



**खजुराहो।** राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया की ओर से टूरिस्ट विलेज खजुराहो में रंग पंचमी के अवसर पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने इसमें भाग लिया। अबीर-गुलाल लगाकर सबको शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में क्षेत्र भर के बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, समर्थकगण, विधानसभा क्षेत्रवासी शामिल हुए। विधायक अरविंद पटैरिया ने आयोजन में शामिल होने आए सभी लोगों को रंग गुलाल लगाकर होली का त्यौहार मनाया। वहीं उनके समर्थकों ने उन्हें रंग गुलाल लगाते हुए फूलों की माला पहनाई। इस मौके पर विधायक अरविंद पटैरिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि होली रंगों का त्यौहार है, जो आपसी बुराई और मनमुटाव की खत्म करके खुशियों के रंग भर देता है, हमारी संस्कृति आपसी मेलजोल और भाईचारे से रहने की रही है, आपसभी के सहयोग के लिए तत्पर रहूंगा। विधायक श्री पटैरिया ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता में है। समूचे क्षेत्रवासियों के सहयोग से ही विकास संभव है। उन्होंने सबके जीवन में खुशियों का रंग घुला रहे यह मतंगेश्वर भगवान से कामना की।जानकारी के मुताबिक खजुराहो के टूरिस्ट विलेज के प्रांगण में राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इधर होली मिलन कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। लोगों ने विधायक श्री पटैरिया को गुलाल लगाते हुए उनकी मंगलकामना की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल,नप अध्यक्ष अरुण पप्पू अवस्थी,राजीव वाजपेई, मुकेश पाण्डे, संजय मिश्रा, देवेन्द्र सोनी, श्याम बाबू त्रिवेदी, जनपद उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र अवस्थी, नीरज चतुर्वेदी, दिनेश गौतम,मोंटी अग्निहोत्री,रॉबी जैन,राकेश महतों,गौरव अग्रवाल, डॉ.रामअवतार चौबे खरोंही, शिव शंकर खरे, राकेश दुबे पहाड़ी बावन, प्रदीप डेंगा, भैयाजी अचनार, महेश शुक्ला, श्रीकांत मिश्रा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ राजनगर विधानसभा क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## एनसीएल ने पिपराझापी में सड़क निर्माण हेतु ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा विभाग, सिंगरौली के साथ किया एमओयू

सिंगरौली



भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा विभाग, सिंगरौली के साथ पिपराझापी में सड़क निर्माण हेतु एमओयू किया। इस दौरान गत बुधवार को एनसीएल से महाप्रबंधक (सीएसआर), राजीव रंजन और आरईएस विभाग, सिंगरौली से कार्यपालक अभियंता, मनोज कुमार बाथम ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।एमओयू के तहत एनसीएल द्वारा सीएसआर के तहत पिपराझापी पहाड़ से देवी मंदिर, पंचायत पिपराझापी, देवसर, सिंगरौली जिला तक पीसीसी सड़क निर्माण हेतु 98.52 लाख रुपये का वित्तीय सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर एनसीएल और ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा विभाग, सिंगरौली से अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल सीएसआर के तहत स्थानीय समुदाय के समग्र विकास हेतु प्रतिबद्ध है। एनसीएल ने "गाँव जोड़ो" सीएसआर अभियान के तहत पिछले 10 वर्षों (2014-2024) में आस पास के परिधीय समुदाय को मुख्य धारा से जोड़ने एवं बेहतर आवागमन सुविधा प्रदान करने हेतु 65 गांवों में 336 किलोमीटर सड़क निर्माण कर 1 लाख से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाया है।

## हाईकोर्ट के निर्देश पर हुई भ्रष्ट सचिव पर लाखों की रिकवरी, पुनः जांच के नाम पर पलीता लगाने की तैयारी

### मामला डिग्घी पंचायत का

ग्राम पंचायत डिग्घी की भ्रष्ट विवादास्पद सचिव देवकुमारी शाह के कारनामों की जांच उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सचिव देवकुमारी के ऊपर लगभग 28 लाख रुपए का गबन के साथ-साथ कई बिंदुओं पर दोषी जांच में पाई गई थी ,जांच के बाद कार्यवाही रुकवाने के लिए एक सतारूढ़ पार्टी के जनप्रतिनिधि ने अपना जोर लगवा कर कार्यवाही को रुकवा दिया था! लेकिन शिकायत कर्ताओं ने उच्च न्यायालय जबलपुर की शरण लिया ।जहां उच्च न्यायालय के विद्वान न्यायधीश ने सचिव के कृत्यों को दोषी मानते हुए चार सप्ताह में कार्यवाही करने का आदेश जिला पंचायत सिंगरौली, कलेक्टर सिंगरौली, उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली व जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन यंत्री को जारी किया तब आनन फानन में कार्यवाही को कुंडली मारकर दबाने वाले अधिकारियों ने उच्च न्यायालय के आदेश के तहत बहुत कुछ छिपाते हुए 65 लाख के भ्रष्टाचार को दबाकर मात्र 28 लाख रुपए की वसूली हेतु सचिव सहित अन्य सम्मिलित कर्मचारियों को दिनांक 18 मार्च को ख़यानत वित्तीय अनियमितता की राशि को जिला पंचायत के खाते में जमा करने हेतु पेशी नियत किया लेकिन शातिर सचिव ने नियत पेशी दिनांक को जवाब ना देना पड़े इसलिए मेडिकल अवकाश ले लिया! वही वसूली कार्यवाही तथा जिला कलेक्टर तथा जनपद पंचायत की जांच को झूठा बताकर पुनः जांच करवाने का दबाव एक सत्ताधारी जनप्रतिनिधि से डलवाकर तीसरा जांच दल गठित करवाकर लीपापोती करने तथा जो वसूली की राशि को अत्यधिक कम करनवाने हेतु जिले के चुनिंदा अधिकारियों का दल जिसने सत्ता धारी के दबाव में घटिया निर्माण करने का जिम्मा सौंपा गया है उन अधिकारियों से जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी महोदय के द्वारा घटित जांच दल तीसरा गठित कर लीपापोती का सफल प्रयास कर सचिव को बचाने की अंतिम कोशिश की जा रही है।गौरतलब है कि जो जांच 4 साल से एक स्थानीय जनप्रतिनिधि के इशारे पर जिला के अधिकारी दबा दिए उसकी उच्च स्तरीय शिकायत प्रमुख सचिव पंचायत ग्रामीण विकास संचालक, पंचायत राज संचनालय कमिश्नर रीवा,कलेक्टर सिंगरौली से की गई फलस्वरूप जिला कलेक्टर सिंगरौली के द्वारा दिए गए निर्देश पर एस डी एम सिंगरौली द्वारा जांच करवाई गई जिसमें भारी भ्रष्टाचार ख़यानत वित्तीय अनियमितता जांच दल को शिकायत कर्ताओं के उपस्थिति में जांच दल को मिली जिसका पंचनामा मौके पर तैयार किया जाकर उच्च अधिकारियों को सोपा गया।लेकिन कोई कार्यवाही जिला के अधिकारियों ने सत्ता पार्टी के एक जन प्रतिनिधि के दबाव पर नहीं किया गया जिससे मजबूर होकर समस्त जांच कार्यों की सूचना अधिकार के तहत जानकारी लेकर उच्च न्यायालय जबलपुर में पिटिशन दायर किया गया जिसने माननीय विद्वान न्यायधीश महोदय ने गंभीर अनियमितता ख़यानत पर चार सप्ताह में कार्यवाही करने का आदेश जारी किया गया ।आनन फानन में जिला पंचायत द्वारा एक सप्ताह के अंदर कार्यवाही कर भ्रष्टाचार के आरोप में लगभग 28 लाख के ख़यानत का मामला सिद्ध कर वसूली हेतु 18 मार्च को तारीख मुकर्रर की गई जिससे बिलबिलाए एक जन प्रतिनिधि जो इस भ्रष्ट सचिव से लगाव रखकर भ्रष्टाचार करने की खुली छूट देकर हर गलत कार्यों में सहयोग करते है और अधिकारियों पर नाजायज दबाव डालकर कार्यवाही नहीं करने हेतु जोर देते है और धमकी देते है कि हमारी सरकार है हमारी बात नहीं सुनोगे तो तुरंत तबादला करवा देंगे इस धमकी से डरे अधिकारियों ने सचिव को बचाने की नियत से कलेक्टर तथा जनपद की जांच को झूठा साबित करने के नियत से अपने चुनिंदा अधिकारियों का जांच दल आनन फानन में गठित कर एक जनप्रतिनिधि के इशारे पर सचिव को बचाने तथा 28 लाख की वसूली को झुठलाने के लिए गुपचुप तरीके से जांच दल जाकर बिना शिकायत कर्ताओं को सूचित किए मनमाफिक जांच सचिव भ्रष्टाचारियों को बनाने हेतु प्रारंभ है।स्थानीय ग्रामीण शिकायतकर्ताओं ने कहा है कि अगर सचिव को एक सत्ता धारी नेता जनप्रतिनिधि के इशारे पर बचाया जाता है तो हम शिकायतकर्ता जांच दल में शामिल अधिकारियों को उच्च न्यायालय में पार्टी बनायेगे क्योंकि दोनों जांच दल में भारी भ्रष्टाचार उजागर होकर वसूली हेतु जारी हुआ है लेकिन भ्रष्ट एक नेता के इशारे पर मनमाफिक अधिकारियों से जांच दल में हुए खुलाशे को दबाकर मनमाफिक रिपोर्ट लेकर सचिव को बचाने हेतु मौका दिया गया है नियत तिथि को सचिव का जवाब देने न आना ख़यानत की राशि जमा ना कर मेडिकल अवकाश लेकर वसूली की राशि को झुठलाने हेतु भ्रष्ट नेता के कहने पर तीसरा जांच दल गठित कर बचाने का सफल प्रयास है।बहरहाल अभी शिकायत कर्ताओं ने जारी प्रेस बयान में कहा है कि अगर जांच में वसूली की राशि को कम किया गया सचिव को क्लीन चिट दी गई तो जांच दल में शामिल सभी अधिकारियों को उच्च न्यायालय में भ्रष्टाचार का आरोपी बनाए जाने हेतु पुनः पिटिशन दायर किया जाएगा ।अब देखना यह है कि क्या सत्ता धारी पार्टी का जन प्रतिनिधि अपने चहेते सचिव को राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल कर पर्दा डाल देंगे या भ्रष्टाचार की जांच की मांग करने वाले ग्रामीणों को न्याय मिलेगा।ग्रामीणों व याचिकाकर्ता ने बताया की सरजू साकेत के घर के पास नाली बनी ही नही है फिर भी पैसा निकाल लिया गया, जो चेक डेम बना वह दस दिन मे ही टूट कर गिर गया!सचिव ने मृतक आदिवासियों के नाम से पैसा निकाल लिया है जिसमे तत्कालीन सरपंच जेल गया था सचिव जिसकी मुख्य भूमिका थी उसको बचाया गया है!तीन बच्चे होने के बाद भी भ्रष्ट सचिव की नियुक्ति कर दी गई जो की भर्ती हेतु अयोग्य थी इतने आरोप सही पाए जाने के बाद भी जिला पंचायत के अधिकारियो द्वारा कार्यवाही मे लापरवाही उनकी भी सलिप्तता उजागर करती है!याचिका कर्ता ने कहाँ की अगर कार्यवाही नियमानुसार नहीं हुई तो पुनः हाई कोर्ट जायेंगे!

## खबर संक्षेप

### निरोगी काया अभियान 31 मार्च तक

**30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की जा रही है निःशुल्क जाँच**

**रीवा** । स्वास्थ्य विभाग द्वारा रीवा जिले में 20 मार्च से 31 मार्च तक निरोगी काया अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की डायबिटीज, ब्लडप्रेशर, नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर बीमारी की जाँच निःशुल्क की जा रही है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि अभियान में उप स्वास्थ्य केन्द्र, शहरी और ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा संजीवनी क्लीनिक में स्वास्थ्य जाँच की सुविधा है। जाँच के लिए डॉक्टर, चिकित्साकर्मी एवं एएनएम को तैनात किया गया है। जाँच के दौरान चिन्हित बीमारियों से पीड़ति पाए जाने पर रोगियों की जानकारी एनसीडी पोर्टल पर दर्ज कर उनका पंजीयन किया जा रहा है। सभी रोगियों को तत्काल आवश्यक दवाएं दी जाकर पोर्टल के माध्यम से रोगियों के स्वास्थ्य सुधार का लगातार फालोअप किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि रोगियों के डायबिटीज, ब्लडप्रेशर तथा अन्य जाँचों के लिए आवश्यक उपकरण सभी चिकित्सा केन्द्रों में उपलब्ध हैं। अभियान के दौरान जिन व्यक्तियों का बाडी मॉस इंडेक्स 23 से अधिक है तथा कमर का घेरा महिलाओं में 80 सेंटीमीटर तथा पुरूष में 90 सेंटीमीटर अधिक है उनकी फाइब्रो स्कोर, खून की जाँच डाक्टरों द्वारा की जा रही है। अभियान को सफल बनाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर मेडिकल आफीसर तथा विकास खण्ड स्तर पर बीएमओ को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियान के दौरान रीवा शहर में तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा 10 मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों में 30 वर्ष से अधिक के सभी व्यक्तियों की जाँच की जा रही है।

### वृद्ध माता-पिता का भरण पोषण नहीं करने वाले कलयुगी पुत्रों पर हुई कार्रवाई

**भरण पोषण अधिनियम के तहत सिरमौर एसडीएम ने भेजा जेल**

**रीवा** । जिले के सिरमौर एसडीएम ने भरण पोषण अधिनियम के तहत दो बेटों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है, बता दे कि वेद माता पिता का भरण पोषण नहीं करने का मामला सिरमौर एसडीएम कार्यालय में सामने आया था, जिन्होंने अपने वृद्ध माता-पिता का भरण पोषण करने में जानबूझकर असफलता दिखाई। यह मामला ग्राम पंचायत महरी के निवासी श्रीनिवास द्विवेदी और उनकी पत्नी के साथ घटित हुआ, जिन्होंने अपने बेटों से भरण पोषण की मांग की थी, लेकिन उनके बेटे विजय कुमार और विनय कुमार द्विवेदी ने उनकी मदद नहीं की। सिरमौर के एसडीएम आर.के. सिन्हा के सामने आए इस मामले में वृद्ध दंपत्ति ने अपनी कठिनाइयाँ साझा कीं। श्रीनिवास द्विवेदी विकलांग हैं और अपनी पत्नी के साथ गांव में रहते हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अक्टूबर 2023 में पहले भी एसडीएम कार्यालय में शिकायत की थी, जिसमें पूर्व एसडीएम नीलमणि अग्निहोत्री ने आदेश पारित किया था कि उनके दोनों बेटे विजय कुमार और विनय कुमार प्रत्येक को 2,000 रुपए और बहू संध्या दुबे को 500 रुपए हर माह भरण पोषण के रूप में देना चाहिए। हालांकि, इन आदेशों की उल्लंघना करते हुए बेटों और बहू ने कोई सहायता नहीं दी। इस पर एसडीएम आर.के. सिन्हा ने तत्काल दोनों बेटों को तलब किया और उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया। इस दौरान बेटों ने वृद्ध दंपत्ति के भरण पोषण के लिए 28-28 हजार रुपए के चेक एसडीएम को दिए, ताकि अब यह राशि उनके माता-पिता को मिल सके। इसके साथ ही एसडीएम ने बहू को भी नोटिस जारी कर तलब किया है, वृद्ध दंपत्ति ने अपनी पीड़ा एसडीएम के समक्ष बयां की, जिसके बाद उन्हें न केवल राहत मिली, बल्कि एसडीएम ने उन्हें सम्मानित भी किया। श्रीनिवास और उनकी पत्नी को धोती, कुर्ता, शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

# सिंचाई परियोजनाओं में वन भूमि तथा भू अर्जन के प्रकरण शीघ्र निराकृत करें - कमिश्नर

**रीवा**



कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में संभाग की सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि खेती की उन्नति के लिए सिंचाई सुविधाओं का विस्तार आवश्यक है। बाणसागर बांध की नहरों से संभाग के सभी जिलों में सिंचाई के क्षेत्र में तेजी से वृद्धि हुई है। सिंचाई परियोजनाओं से जुड़े निर्माण कार्यों की सतत मॉनीटरिंग करें। निर्माण कार्यों में वन भूमि से संबंधित प्रकरणों को समन्वय के साथ निराकृत कराकर तेजी से निर्माण कार्य कराएं। सिंचाई परियोजनाओं से जुड़े भू अर्जन के प्रकरणों की कलेक्टर हर सप्ताह समीक्षा करें। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार भू अर्जन की कार्यवाही समय पर पूरी करें जिससे निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा हो सके। भू अर्जन के बाद खसरे और नक्शे में सुधार कर विभाग का नाम अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर तथा एसडीएम शामिल रहे। कमिश्नर ने कहा कि प्रस्तावित हनुमना उद्वहन सिंचाई परियोजना के प्रस्तावित निर्माण स्थल में दो हजार हेक्टेयर सोन घड़ियाल अभ्यारण्य की जमीन शामिल है। इसकी पर्यावरण मंत्रालय से स्वीकृति प्राप्त कर परियोजना का कार्य शुरू कराएं। कलेक्टर रीवा और कलेक्टर सीधी वन भूमि के बदले राजस्व भूमि वन विभाग को देने के लिए 177 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन कराएं। जल संसाधन विभाग के अधिकारी संबंधित जिलों के कलेक्टर से संपर्क कर वन विभाग को जमीन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी कराएं। कलेक्टर मैहर घुनवारा बांध तथा शारदा सागर बांध के लिए जमीनों के अधिग्रहण की कार्यवाही एक माह में पूरा कराएं। सीधी जिले में बहरी नहर विस्तार योजना के लिए दो गांवों में भू अर्जन के कारण मुख्य नहर निर्माण में बाधा आ रही है। कलेक्टर सीधी दो माह में भू अर्जन की कार्यवाही पूरी करके निर्माण कार्य पुनः शुरू कराएं। कमिश्नर ने कहा कि जल संसाधन विभाग के अधिकारी भू अर्जन के प्रस्ताव तैयार करने के साथ ही पर्याप्त राशि राजस्व विभाग को उपलब्ध कराएं। अवार्ड पारित होने के समय यदि भू अर्जन की राशि उपलब्ध नहीं हुई तो अवार्ड निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। सतना जिले के दौरी सागर बांध में भू अर्जन के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। बैठक में कमिश्नर ने सीधी और सिंगरौली जिले की गोड़ सिंचाई परियोजना, त्योंथर फ्लो नहर परियोजना, बहुती नहर परियोजना, सतना जिले के मझगवां तथा पटनाखुर्द में शाखा निर्माण नहर परियोजना में भू अर्जन के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि जल संसाधन विभाग तथा जल जीवन मिशन मैहर जिले के न्यू रामनगर, अमरपाटन तथा मैहर नगर परिषदों में पेयजल आपूर्ति के लिए नगरीय निकायों को पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें। इन निकायों में गर्मियों में पेयजल आपूर्ति में कठिनाई होती है। बैठक में मुख्य अभियंता जल संसाधन एके डेहरिया ने संभाग की सिंचाई परियोजनाओं की बिन्दुवार जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन की निर्माण एजेंसी कई स्थानों पर नहरों के किनारों को क्षतिग्रस्त करके पाइपलाइन बिछा रही है। नहर के किनारों से निर्धारित दूरी पर ही पाइप लाइन बिछाएं। बैठक में बताया गया कि जल जीवन मिशन की बाणसागर-2 परियोजना का कार्य दिसम्बर तक पूरा होने के बाद अमरपाटन, न्यू रामनगर और मैहर को पर्याप्त पानी की आपूर्ति होगी। बैठक में कार्यपालन यंत्री मनोज द्विवेदी, कार्यपालन यंत्री आरके सिंह, सभी जिलों के कार्यपालन यंत्री तथा सहायक यंत्री, कार्यपालन यंत्री पीएचई ईएण्डएम डीएल कनेल, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन आरएस मंडलोई तथा जल जीवन मिशन के अधिकारी उपस्थित रहे।

**दुकान के कर्मचारी ने डुप्लीकेट चॉबी बनवाकर कराई चोरी**

# दो दिन में 8 लाख के कपड़ा चोरी का पुलिस ने किया पर्दाफाशः दो गिरफ्तार, तीन फरार



**रीवा**। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बंबा घाट स्थित लक्स कंपनी के गोदाम से हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीन अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। यह चोरी गोदाम के एक कर्मचारी की मिलीभगत से हुई थी, जिसने डुप्लीकेट चांबी बनवाकर चोरों को गोदाम का ताला खोलने में मदद की। मिली जानकारी अनुसार 17 मार्च को गोदाम संचालक सुरेश मोहनानी ने सिटी कोतवाली थाना में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। उनके मुताबिक, 5 मार्च को वह गोदाम बंद कर घर लौटे थे, लेकिन जब 13 मार्च को वह गोदाम पहुंचे तो वहां लक्स कंपनी के अंडरगार्मेंट्स के कार्टून गायब थे। गोदाम के शटर का ताला टूटा हुआ था और लाखों रुपये के अंडरगार्मेंट्स चोरी हो चुके थे। इसके बाद उन्होंने थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया था जिसके बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही थी। पुलिस ने गोदाम के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को गोदाम से माल चोरी करते हुए देखा गया। वीडियो फुटेज में दिखाए गए चोरों की पहचान के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज की और संदिग्धों को हिरासत में लिया। इसमें मुख्य आरोपी विक्की लाडवानी के नाम का खुलासा हुआ, जिसने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर इस चोरी को अंजाम दिया था।विक्की लाडवानी ने पूछताछ में बताया कि उसने चोरी किए गए अंडरगार्मेंट्स को सस्ते दामों पर विजय कृष्ण चौरसिया नामक व्यक्ति को बेच दिया, जो एक व्यापारी है और अपना दुकान चलाता है। पुलिस ने विक्की लाडवानी के बताए स्थान पर छापेमारी की, जहां से 15 बड़े कार्टून लक्स कंपनी के अंडरगार्मेंट्स बरामद किए गएपुलिस ने विक्की लाडवानी को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। विक्की लाडवानी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से पुलिस ने पूछताछ के लिए उसे एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है। वहीं, पुलिस तीन फरार आरोपियों की तलाश मे जुटी है।

### दुकान से निकाले गए कर्मचारी ने रची थी साजिश

घटना की साजिश रचने वाला दुकान का एक पुराना कर्मचारी था। उसको पीड़ित ने निकाल दिया था। उसके बाद आरोपी ने गोदाम में चोरी की साजिश रची थी। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर ने बताया कि चोरी के इस बड़े मामले में गोदाम के एक कर्मचारी की भूमिका महत्वपूर्ण थी, जिसने डुप्लीकेट चांबी बनवाकर चोरों को गोदाम में घुसने का रास्ता दिया। इस कर्मचारी के साथ मिलकर आरोपियों ने चुपके से गोदाम से माल चोरी किया और उसे बाहर बेच दिया। फिलहाल पुलिस इस कर्मचारी और अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

# राशन कार्डधारी 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से कराएं ई केवाईसी - कलेक्टर

**रीवा** । उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त करने वाले सभी परिवारों का 31 मार्च तक ई केवाईसी किया जाना अनिवार्य है। जिले भर में प्रत्येक उचित मूल्य दुकान में राशन कार्डधारियों की ई केवाईसी की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि सभी राशन कार्डधारी 31 मार्च तक आधार सीडिंग कराते हुए राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों की ई केवाईसी अनिवार्य रूप से करा लें।

सभी सेल्समैन शिविर लगाकर राशन कार्डधारियों की ई केवाईसी अनिवार्य रूप से कराएं। इसी समय सीमा में डुप्लीकेट परिवारों, एक सदस्यीय परिवारों, दो सदस्यीय परिवारों तथा सात से अधिक सदस्य संख्या वाले परिवारों का घर-घर जाकर शत-प्रतिशत सत्यापन कराएं। ईकेवाईसी और सत्यापन का कार्य युद्ध स्तर पर करें। सभी एसडीएम प्रतिदिन इसकी समीक्षा करके शत-प्रतिशत राशन कार्डधारियों का ईकेवाईसी सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी 27 मार्च तक शिविर लगाकर ई केवाईसी अपडेशन कराएं। इसके लिए नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायत से कर्मचारी तैनात करें। प्रत्येक सेल्समैन को प्रतिदिन ई केवाईसी का लक्ष्य निर्धारित करें। अपर कलेक्टर तथा अन्य राजस्व अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करके ई केवाईसी अपडेशन के लिए लगाए जाने वाले शिविरों की निगरानी करें। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार ई केवाईसी न करने वालों के विरूद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही करें। सभी सहायक आपूर्ति अधिकारी ई केवाईसी न कराने वाले राशन कार्डधारियों की उचित मूल्य दुकानवार सूची एसडीएम तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को उपलब्ध कराएं। सूची में शामिल सभी परिवारों का ई केवाईसी अपडेट कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने राशन कार्डधारियों से भी अपील करते हुए कहा है कि जिन परिवारों ने अभी तक ई केवाईसी अपडेट नहीं कराई है वे उचित मूल्य दुकान जाकर पीओएस मशीन के माध्यम से निःशुल्क ई केवाईसी करा लें।

# सूने आवास पर चोरों ने बोला हमला, लाखों के नगदी सहित आभूषण ले गए बदमाश

**होली मनाने उड़ीसा गया था पूरा परिवार**



**रीवा**। शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के अनंतपुर इलाके में एक सुने आवास को चोरों ने निशाना बनाया है, बता दे कि महिला अपने बच्चों के साथ अपने पति के पास 12 मार्च को उड़ीसा होली मनाने गई थी। जब वह बुधवार को वापस लौटी, तो उनके घर का ताला टूटा हुआ था और अंदर जाकर देखा तो लाखों के सोने-चांदी के आभूषण गायब थे। पीड़िता सुधा शुक्ला ने घटना की जानकारी विश्वविद्यालय थाना में दी और मामला दर्ज कराया। पुलिस ने तुरंत सूचना मिलते ही घटना स्थल का निरीक्षण किया और वहां से फिंगर प्रिंट व साइबर सेल की टीम को सूचित किया। पुलिस को घटनास्थल से कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिससे यह उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही आरोपियों का पता चल सकता है।पीड़िता ने बताया कि उनके पति रामेश्वर शुक्ला उड़ीसा में एक निजी कंपनी में काम करते हैं। वह अपने बच्चों के साथ होली के त्योहार के लिए उड़ीसा गई थीं। उनके घर में दो किरायेदार भी रहते थे, लेकिन वे भी त्योहार के दौरान अपने घर गए हुए थे। जब सुधा शुक्ला उड़ीसा से वापस लौटीं तो घर का ताला टूटा हुआ था और अंदर का सामान बिखरा हुआ था। आलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था, जिससे यह साफ हो गया कि अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर आभूषण चुराए थे। वही पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और उनकी तलाश में जुटी है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से प्राप्त सुरागों के आधार पर जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने की संभावना है। पीड़िता ने यह भी बताया कि उनके दो किरायेदार भी त्योहार के दौरान अपने गांव गए हुए थे, जिससे घर पूरी तरह से सूना था। जिसके चलते सुना आवास पाकर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है,जिससे चोरों को बिना किसी डर के चोरी करने का मौका मिला। पीड़िता ने बताया कि जब वह उड़ीसा से वापस आई तो देखा दरवाजे के ताले टूटे हुए थे, आंध्र प्रदेश किया तो पूरा घर का सामान बाहर बिखरा पड़ा हुआ था, अलमारी का ताला टूटा हुआ था, बता दे कि घर में रखे नगदी व सोने चांदी के आभूषण लेकर शातिर चोर रफूचक्कर हो गए।

## जमीनी विवाद में परिवार के सदस्यों ने ही मां बेटे के साथ की मारपीट



**रीवा**। जिले के अतरैला थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीनी विवाद का एक मामला सामने आया है, जहां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लूक में बीती शाम जमीनी विवाद के चलते परिवार के लोगों ने मां बेटे के साथ जमकर मारपीट की जिसके बाद घटना में युवक को गंभीर चोट आई है जिसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में घायल चंपा द्विवेदी से मिली जानकारी अनुसार बीती शाम उनका बेटा विकास द्विवेदी घर की छत में बैठा था तभी परिवार के अनंत द्विवेदी, मोती द्विवेदी सीढ़ी लगाकर छत के ऊपर आए और उसके बेटे को खीचकर ले गए और जमकर मारपीट की। चंपा ने बताया कि जब वह अपने बेटे को बचाने पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की गई जिससे वह अचेत हो गई थी। मारपीट की घटना की सूचना इसके बाद तत्काल पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने पहुंचकर मामले को शांत कराया और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया । जानकारी दी गई कि दो परिवारों के बीच पुराना जमीन विवाद चल रहा था इसी बात को लेकर बात बिगड़ी और मारपीट की घटना निर्मित हो गई। फिलहाल अतरैला पुलिस अब मामला दर्ज कर पूरे मामले की जांच कर रही है।

## मऊगंज में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने पदभार ग्रहण किया

**मऊगंज**





जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गड़रा में हुई नृशंस हत्या के मामले में मुख्यमंत्री मोहन यादव का बड़ा एक्शन मे मऊगंज पुलिस अधीक्षक रसना ठाकुर एवं कलेक्टर अजय श्रीवास्तव को हटाकर संजय कुमार जैन को मऊगंज का कलेक्टर बनाया गया है 2015 बैच के आईएएस संजय कुमार जैन मध्य प्रदेश सरकार के उपसचिव रहे उन्हें लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग तथा अपर प्रबंध संचालक सहित खेल एवं युवा कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया थामऊगंज कलेक्टर के रूप में बृहस्पतिवार को संजय कुमार जैन पदभार संभालने के बाद सीएम हेल्पलाइन और राजस्व संबंधित कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा वहीं मऊगंज के नए पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय मऊगंज में आमद दी 1997 बैच के आईपीएस दिलीप सोनी का बहुचर्चित व्यापम घोटाले के खुलासे में बहुत ही अहम किरदार रहा है आइपीएस दिलीप सोनी मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे अब मऊगंज पुलिस अधीक्षक के रूप में मऊगंज जिले की पुलिस व्यवस्था संभालेंगे जिले में अपराध की सबसे बड़ी वजह अवैध नशे का कारोबार है और नशे को नाश कर पाना पुलिस अधीक्षक के लिए बड़ी चुनौती होगी पदभार संभालते ही प्रेस वार्ता के दौरान दोनों अधिकारियों ने प्रशासनिक बैठक ली और व्यवस्थाओं का जायजा लिया पत्रकारों से बात करते हुए दोनों अधिकारियों ने आगे की व्यवस्थाओं पर चर्चा की कहां सरकार की योजना जनता तक पहुंचाएंगे साथ ही शिकायतों का निराकरण और अपराध मुक्त करने की दिशा में सब के सहयोग से निरंतर प्रयास किया जाएगा

# बिछिया से शराब दुकान को हटाये जाने मांग को लेकर

**पार्षद ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

रीवा। शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम के वार्ड क्रमांक 41 सुभाष स्कूल के पास बिछिया महामृत्युंजय कॉम्पलेक्स में संचालित शराब दुकान को हटाने के लिए अब विरोध शुरू हो गया है। बता दे कि वार्ड पार्षद सूफिया सेहफूज खान के प्रतिनिधि ने कलेक्टर आबकारी आयुक्त और निगम कमिश्नर को पत्र देकर दुकान हटवाने की मांग की है, मिली जानकारी अनुसार विगत वर्षो से यह शराब दुकान शो रूम के रूप में संचालित हो रही है। जबकि शासन के नियमानुसार शैक्षणिक संस्था या धार्मिक स्थल के पास किसी भी तरह की कोई मादक पदार्थ या मदिरा की दुकान नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह दुकान मेन रोड पर स्थित है। यहां से मात्र 50 मीटर की दूरी पर सुभाष स्कूल एवं मंदिर संचालित है। जबकि मध्यप्रदेश शासन ने एक निर्णय लिया है कि किसी भी धार्मिक स्थल के पास अथवा शैक्षणिक संस्थान के पास कोई भी शराब की दुकान नहीं होगी। इसके बावजूद भी कम्पोजिट शराब की दुकान महामृत्युंजय काम्पलेक्स में स्थापित है। जिसके समीप धार्मिक स्थल एवं शैक्षणिक संस्थान स्थापति है। वार्ड पार्षद ने अपने प्रतिनिधि के माध्यम से इस दुकान को जल्द से जल्द हटाने की मांग की है वही मागे पूरी नहीं होने पर पार्षद द्वारा मोहल्ले वासियों के साथ मिलकर उग्र विरोध करने की चेतावनी दी है।

## नईगढ़ी नगर परिषद में प्रवेश कर रहे भारी वाहन

**मऊगंज**



जिले के नईगढ़ी नगर परिषद में मऊगंज जिला कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा प्रातः 6:00 बजे से रात 10:00 बजे तक भारी वाहन का प्रवेश वर्जित का आदेश जारी किया गया था। यह आदेश केवल कागजों तक सीमित रह गया यहां पर स्थानीय अधिकारियों के सांठगांठ से अवैध हाईवा,डंपर,ट्रक समेत अन्य भारी वाहन का प्रवेश नो एंट्री के बावजूद भी नगर परिषद नईगढ़ी में दिनभर हो रहा है जिससे जाम की समय निर्मित हो रही है जबकि भारी वाहनों के द्वारा लगातार सड़क दुर्घटना का भी डर बना रहता है। इसके बावजूद इन भारी वाहनों के ऊपर पुलिस विभाग और जिम्मेदार अधिकारी के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है । चर्चा का विषय है कि आखिर जिला कलेक्टर के आदेश के बावजूद किसके संरक्षण में भारी वाहन अवैध रूप से नगर परिषद नईगढ़ी में में प्रवेश कर रहे हैं।समाजसेवी शिवानंद पयासी,कमलेश पटेल,ओंकार चौबे ने कलेक्टर से मांग की है कि नगर में भारी वाहनों के नो एंट्री के आदेश का पालन करवाए।